सीडीएफडी

सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायाग्नोस्टिक्स

कार्यालय ब्लॉक: दूसरी मंजिल, ब्लॉक नं. 7, गृहकल्प कॉम्प्लेक्स, एमजे रोड, नामपल्ली,
हैदराबाद 500 001, फोन: +91-40-24749451 फैक्स: +91-40-24749490, www.cdfd.org.in

रिसर्च स्कॉलर प्रोग्राम-II-2011 के लिए प्रवेश

सीडीएफडी (सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायाग्नॉस्टिक्स) हैदराबाद देश का एक प्रीमियर संस्थान है जो आधुनिक मॉलिक्यूलर तथा सेल्युलर बॉयोलॉजी के विभिन्न क्षेत्रों में डीएनए फिंगर प्रिंटिंग तथा डायाग्नॉस्टिक्स सेवाएं प्रदान करता और बुनियादी अनुसंधान का आयोजन करता है। सीडीएफडी में अनुसंधान के मुख्य विषय हैं–

जेनेटिक्स
मॉलिक्यूलर एंड सेल्युलर बायोलॉजी
मॉलिक्यूलर पैथोजिनेसिस
कम्प्यूटेशनल तथा स्ट्रक्चरल बायोलॉजी
(ब्यौरा हमारी वेबसाइट www.cdfd.org.in पर दिया गया है।)

हमारे रिसर्च स्कॉलर्स प्रोग्राम में प्रवेश के लिए अत्यंत अभिप्रेरित अभ्यर्थियों जो आधुनिक बायोलॉजी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो, से आवेदन आमंत्रित हैं। आधुनिक बायोलॉजी की अंतः अनुशासनिक प्रकृति को ध्यान में रखते हुए हम चाहते हैं कि विशेष रूप से विविध पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थी आवेदन करें। रिसर्च स्कॉलर के रूप में प्रवेश प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मणिपाल यूनिवर्सिटी अथवा यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद के पीएचडी प्रोग्राम के लिए आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

पात्रता: मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एमबीबीएस अथवा विज्ञान, प्रौद्योगिकी अथवा कृषि की किसी भी शाखा में स्नातकोत्तर डिग्री। अपने अंतिम वर्ष/चौथे सेमेस्टर की परीक्षा पूर्ण न करने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे। अभ्यर्थियों (एमबीबीएस स्नातकों के अलावा) ने अनिवार्य रूपसे जेआरएफ के लिए सीएसआईआर/यूजीसी/डीबीटी/आईसीएमआर/आईसीएआर नेट अथवा गेट (सभी स्ट्रीम के ऑल इंडिया टॉप 100 रैंक) अथवा जेईएसटी उत्तीर्ण किया हो। एमबीबीएस अभ्यर्थी इसमें उल्लिखित किसी भी पात्रता परीक्षा से छूट प्राप्त हैं। तथापि, केवल उन अभ्यर्थियों के नामों पर विचार किया जाएगा जो सीएसआईआर/यूजीसी /डीबीटी/आईसीएमआर/आईसीएआर नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे अथवा जिन्होंने फैलोशिप सहित डीबीटी द्वारा आयोजित बीआईएनसी परीक्षा अथवा गेट (ऑल इंडिया टॉप 100 रैंक) अथवा जेईएसटी उत्तीर्ण की हो। सीडीएफडी रिसर्च स्कॉलर्स प्रोग्राम में प्रवेश 2 टियर सिस्टम पर आधारित है, जिसमें लिखित/एलएएन आधारित परीक्षा के बाद योग्य पाए गए अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लिया जाएगा। परीक्षा के तरीके, विषय सूची आदि के बारे में जानकारी के लिए एफएक्यू पर क्लिक करें।

जिन अभ्यर्थियों की जेआरएफ परीक्षा के परिणाम सीडीएफडी की लिखित/एलएएन आधारित परीक्षा से पूर्व घोषित हो गए हों और उन्होने फैलोशिप सहित नेट उत्तीर्ण कर ली हो, "स्पॉट रजिस्ट्रेशन" श्रेणी के अंतर्गत फैलोशिप सहित जेआरएफ/नेट उत्तीर्ण करने का संगत ब्यौरा प्रस्तुत करने पर सीडीएफडी परीक्षा में भाग लेने के लिए पात्र हैं।

उक्त पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन निर्धारित आवेदन के जरिये रिसर्च स्कॉलर्स प्रोग्राम–II के लिए अपने नाम रजिस्टर करा सकते हैं। आवेदन फार्म को ***http://www.cdfd.org.in*** पर ऑनलाइन कम्पलीट करें और फार्म भरने के लिए इसका प्रिंट आउट निकाल लें। आवेदन हमारी वेबसाइट पर प्रदर्शित फार्मेट के अनुसार सादे कागज पर भी भेजे जा सकते हैं। कम्पलीट किए गए आवेदन फार्म के प्रिंटआउट तथा जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यताओं, जाति तथा नेट फैलोशिप आदि से संबंधित दस्तावेज प्रमुख– प्रशासन, सेंटर ऑफ डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायाग्नॉस्टिक्स (सीडीएफडी), ऑफिस ब्लॉक– दूसरी मंजिल, बिल्डिंग 7, गृहकल्प, 5–4–399/बी, एमजे रोड, नामपल्ली, हैदराबाद–500001 को भेजने चाहिए।

सभी अभ्यर्थी, जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया हो, उन्हें आवेदन का प्रिंट आउट भी भेजना चाहिए अन्यथा <u>ऑनलाइन आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।</u>

ऑनलाइन आवेदन की सुविधा 10.10.2011 को प्रारंभ होगी और 25.11.2011 को बंद होगी।

आवेदनों के प्रिंट आउट प्राप्त करने की अंतिम तारीख 30.11.2011 है। 30.11.2011 के बाद प्राप्त आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।

एलएएन परीक्षा के लिए छांटे गए अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 08.11.2011 को हमारी वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। अलग–अलग प्रवेश पत्र/हॉल टिकट, जिस पर यूजर के नाम, पासवर्ड, परीक्षा के स्थान और समय का उल्लेख होगा, ई–मेल के जरिये भेजा जाएगा। किसी को व्यक्तिगत सूचना पत्र नहीं भेजा जाएगा।

पात्र अभ्यर्थियों को 16.01.2012 को कम्प्यूटर आधारित एलएएन परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। जो अभ्यर्थी एलएएन आधारित परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे, उन्हें 17.01.2012 को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। किसी प्रकार के दैनिक/यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा। निदेशक, सीडीएफडी को अधिकार है कि वह बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी आवेदनों को स्वीकार करें अथवा रद्द कर दे।

रो.स. 32/86